भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1862
सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटन कार्यालयों में रिक्त पद

†1862. श्रीमती चिंता अनुराधाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत के विदेशी पर्यटन कार्यालयों में पदों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि विदेशी पर्यटन कार्यालयों में तीन चौथाई पद रिक्त हैं;

(ग) यदि हां, तो पदों को भरने में देरी के क्या कारण हैं; और

(घ) रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालयों में स्वीकृत पदों की कुल संख्या इकत्तीस (31) है । विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालयों में इस समय छह (06) अधिकारी तैनात हैं ।

(ग) और (घ) : सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालयों को दिनांक 31.03.2023 या इससे पहले बंद करने का निर्णय लिया गया है ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर विदेश मंत्रालय ने सभी महत्वपूर्ण स्रोत बाजारों में पर्यटन अधिकारियों को नामित किया है जिससे विदेशी संवर्धनात्मक गतिविधियां प्रभावी तरीके से कार्यान्वित की जा सके और वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पर्यटन सृजक बाजारों में भारत को एक समग्र गंतव्य के रूप में बढ़ावा दिया जा सके । इन उद्देश्यों की पूर्ति एक समन्वित विपणन और प्रचार रणनीति के माध्यम से की जाएगी ।

*****